# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार

8 सितंबर 2025, आश्विन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082, बरेली

PAGE NO : 04MIDDLE


## जय जय जय हे महिषासुर मर्दिनी



एसआरएमएस रिद्धिमा में कथक कार्यक्रम में प्रस्तुति देती कलाकार।

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को कथक प्रस्तुति शक्तिरूपेण संस्थिता का आयोजन हुआ। संस्थान के कथक गुरुओं और विद्यार्थियों की ओर से आगामी नवरात्रि से पहले शक्ति रूपेण देवियों की आराधना का मंचन किया। विद्यार्थियों को कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा ने जय जय जय जननी, कथक गुरु देवाज्योति नस्कर ने जय मां दुर्गे भवानी दयानी और कथक गुरु रियाश्री चटर्जी ने नारी अगिरी नंदिनी पर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र का किया वितरण

बरेली। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नियुक्त अनुदेशकों को कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन लखनऊ में हुआ।

कलेक्ट्रेट सभागार में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. एमपी आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा व एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह ने नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इससे पहले लखनऊ में हो रहे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी ने कलेक्ट्रेट सभागार में देखा। कार्यक्रम में 30 चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नव नियुक्त अनुदेशकों के चेहरे खुशी से झूम उठे।